दिनांक: 07.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य में कई स्थानों पर भारी बारिश से सामान्य जनजीवन पर असर– जयपुर, कोटा अजमेर और उदयपुर संभागों में अगले दो दिन में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –प्रकृति संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी।
- जोधपुर में चल रहे भारतीय वायुसेना के मेगा मल्टीलेटरल युद्धाभ्यास तरंगशक्ति 2024 के तहत आज एयर शो हुआ।
- प्रदेश में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

000

राज्य में कई स्थानों पर भारी बारिश हो रही है। जयपुर में आज सुबह तीन से चार घंटे जोरदार पानी बरसा, जिसके कारण निचले इलाकों में पानी भर गया। जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने विभिन्न इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। डीग और भरतपुर में भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। कई इलाकों में जल भराव की स्थिति बन गयी। बारां में भी दिनभर रूक–रूक कर बरसात होती रही। पाली जिले के सादडी, मारवाड़ जंक्शन और रानी में मूसलाधार बरसात के समाचार है। अजमेर में लगातार तेज बारिश से जनजीवन पर खासा असर हुआ है।

.....................

करौली में भी तेज बारिश के कारण जिला मुख्यालय और हिण्डौन सिटी के निचले इलाकों में पानी भर गया है। पांचना बांध के तीन गेट खेलकर पानी की निकासी की जा रही है। टोंक में बीसलपुर बांध के 6 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। जोधपुर में आज दोपहर हुई तेज बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। सवाईमाधोपुर, दौसा, नागौर, कोटा, झालावाड समेत कई अन्य जिलों में भी तेज बरसात के समाचार है। इस बीच केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पोकरण और जैसलमेर क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कर जल्द ही पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने फलसूण्ड और फूलासर क्षेत्र में बरसाती पानी के भराव वाले क्षेत्रों में शीघ्र ही पानी निकासी के निर्देश दिये। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में 30 से ज्यादा स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अगले तीन दिन में ज्यादातर हिस्सों में मध्यम और कहीं—कहीं भारी बरसात के आसार है।

.................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रकृति का संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति किसी न किसी रूप में मानवजाति को निरंतर सौगातें देती है। बदले में हमें भी प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग और वृक्षारोपण से प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। श्री शर्मा आज जयपुर में स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पानी की व्यर्थ बर्बादी रोकने, थाली में आवश्यकतानुसार ही भोजन लेने और परिवहन के साधनों को साझा रूप से

इस्तेमाल करने जैसे छोटे–छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य में 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और 5 सालों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री शर्मा ने कहा कि नेशनल क्लीन एयर प्रोगाम के तहत वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। अधिक प्रदूषित 5 शहरों के लिए शहरी कार्य योजना भी तैयार की गई है।

………………

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्र के मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाकर प्रकृति का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि देश के 131 शहरों में नवाचारों और तकनीक के उपयोग के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आईडियाज फोर लाइफ कार्यक्रम के माध्यम से सात विभिन्न विषयों पर काम कर रही है। इस दौरान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत तीन श्रेणियों में देश के नौ शहरों को पुरस्कार दिये गये।

000

राज्य में ऐसे विवाहित जोड़ों और क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगलों जिन्हें किसी से खतरा है उनकी सुरक्षा के लिए मानक संचालक प्रक्रिया एसओपी निर्धारित की गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स भूपेंद्र साहू ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा पिछली 2 अगस्त को दिए गए आदेश की पालना में यह एसओपी निर्धारित की गई है।

इसके अनुसार यदि विवाहित जोड़े और क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगल को किसी से खतरा हो तो वे इस संबंध में नामित नोडल अधिकारी को सुरक्षा के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। श्री साहू ने बताया कि संबंधित युगल नोडल अधिकारी या एसपी और पुलिस उपायुक्त से भी संतुष्ट नहीं है तो वे जिला और राज्य स्तर पर संचालित पुलिस जवाब देही समिति को अपना आवेदन दे सकते हैं। जहां निश्चित समय पर शिकायत का निस्तारण किया जायेगा।

000

.................

जोधपुर एयरबेस पर चल रहे भारतीय वायुसेना के मेगा मल्टीलेटरल युद्धाभ्यास तरंगशक्ति 2024 के अन्तर्गत आज एयर शो हुआ। इसमें भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने प्रदर्शन किया। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि इस शो के लिये आज सिविल अधिकारियों और आम लोगों को भी आमंत्रित किया गया। एयर शो में भारतीय वायुसेना का सेवानिवृत्त लडाकू विमान और शीत युद्ध का हीरो रहा मिग–23 यूबी फ्लॉगर आकर्षण का केन्द्र रहा। आज सूर्यकिरण टीम के अलावा लडाकू विमान सुखोई–30 एमकेआई का प्रदर्शन हुआ। सुखोई का कोबरा मैनुवर देखने लायक था। साथ ही चार्ली फॉर्मेशन भी बेहतरीन रहा। इसके अलावा जगुआर, मिराज–2000, सी–130, विमानों ने भी उड़ान भरी। सूर्यकिरण के हॉक विमानों ने करीब 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ते हुए वर्टिकल कलांईब और अन्य स्टंटस के अलावा तिरंगे के केसरिया, सफेद और हरे रंग के फॉर्मेशन में उड़ान भरकर करतब दिखाए। सभी

विमानों ने आकाश में दिल की आकृति बनाई। इसके अलावा सोलो उड़ान और पेयर्स उ़डान का प्रदर्शन भी हुआ।

000

चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा है कि चिकित्सा तंत्र को मजबूत बनाना और आमजन को सुगमता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रीमती राठौड़ कार्यभार संभालने के बाद आज जयपुर में विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा और उपचार सेवाएं और बेहतर करने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया जाए। साथ ही, विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न अनुभागों के बीच आपसी तालमेल रहे। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 के मॉड्यूल्स जल्द तैयार कर लागू किए जाएं, ताकि उद्यमियों को निवेश के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में आसानी हो।

000

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स जोधपुर ने एक्यूट ब्रेन स्ट्रोक हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। ब्रेन स्ट्रोक के लक्षणों में चक्कर आना, लडखडानाा या तालमेल में समस्या, हाथ उठाने में असमर्थता, दृष्टि धुंधली हो जाना या दोहरा दिखाई देने लगना, चेहरे का एक हिस्सा झुक जाना, अस्पष्ट वाणी और बोलने में कठिनाई होना शामिल हैं। ब्रेन स्ट्रोक के बाद जल्द उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण है।

000

प्रदेश में गणेश चतुर्थी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मन्दिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मन्दिर में देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए

पहुंच रहे हैं। जोधपुर में सभी गणेश मन्दिरों में विशेष श्रृंगार और उत्सव हुए। शहर में 200 से अधिक स्थानों पर गणपति प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव भी शुरू हो गया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर रातानाडा गणेश मन्दिर पर विशेष मेला भर रहा है। सोजती गेट स्थित विघ्नविनाशक मन्दिर में आकर्षक फूल मंडली सजाई गई। शहर में सिद्ध गणपति की प्रतिमा का इस बार विशेष श्रृंगार किया गया। करीब 200 साल पुरानी चार फुट की गणेश प्रतिमा को मूंग, चावल, चने की दाल, मोठ की दाल और चवले की दाल से तैयार पोशाक पहनाई गई है। गणेशजी को मेवों की माला पहनाई गई है। चूरू में प्राचीन गणेश मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पास के देपालसर में मन्दिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। पाली और सांचौर में घरों और पाण्डालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई। सीकर में फतेहपुर गेट स्थित विजय श्री गणेश मन्दिर में लाखों श्रद्धालु भगवान गजानन्द की पूजा वंदना कर रहे हैं। शाम को शहर के प्रमुख मार्गों से गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई।

000

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के सिलसिले में आज प्रदेश के कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। जोधपुर के पीपाड उपखण्ड में श्रीमती सुगनी देवी पुखराज मुनोत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। पाली जिले के सोजत में विभिन्न स्कूलों में चार्ट,

पोस्टर, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

000